सत्यमेव जयते

# न्यायालय
# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी
## थानागाजी–अलवर
(पीठासीन अधिकारी –केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)

वाद संख्याः– 2021/31 दर्ज तिथिः–24.02.2021

1. जगदीश पुत्र चन्दर
2. नन्दराम पुत्र चन्दर
3. भगवानसहाय पुत्र चन्दर
4. सीताराम पुत्र चन्दर
5. कौशल्या देवी पत्नी बसन्ता
6. श्यामलाल पुत्र बसन्ता
7. गिर्राज पुत्र बसन्ता
8. राजेश पुत्र बसन्ता
9. सावित्री देवी पत्नी स्व0 कालूराम
   समस्त जातियान बागडा ब्राह्मण निवासीयान जोहडी की ढाणी ग्राम थानागाजी तहसील थानागाजी जिला अलवर राज0

.............वादीगण

*बनाम*

1. सूरज पुत्र रामेश्वर
2. बिरदी देवी पत्नी कैलाश
3. प्रभाती देवी पत्नी कन्हैयालाल
4. कैलाश पुत्र कन्हैयालाल
5. हनुमान पुत्र कन्हैयालाल
6. राजेश पुत्र कन्हैयालाल
7. मुरारी पुत्र कन्हैयालाल
8. मुकेश पुत्र कन्हैयालाल
9. धापा देवी पत्नी कन्हैयालाल
10. कमलेश पुत्र लल्लूराम
11. पिन्टू पुत्र लल्लूराम
12. रोहिताश पुत्र चिरंजीलाल
13. सुरेश पुत्र चिरंजीलाल
14. पांचू पुत्र चिरंजीलाल
15. रामावतार पुत्र चिरंजीलाल

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2023.07.21 12:10:35 IST
Reason: SelfAttested

समस्त जातियान बागडा ब्राह्मण निवासीयान जोहडी की ढाणी ग्राम थानागाजी तहसील थानागाजी जिला अलवर राज0

..........असल प्रतिवादीगण

16. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार थानागाजी जिला अलवर राज0

..........तकमीली प्रतिवादी

उपस्थित अधिवक्तागणः–
वादी :– श्री महेश शर्मा।
प्रतिवादी :– श्री कौशल।

राजस्व वाद अन्तर्गत धारा–188
राजस्थान काश्तकारी अधि–1955

**–:निर्णयः–**

निर्णय तिथिः– 20.07.2023

1. आज पत्रावली अन्तर्गत धारा– 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम–1955 वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। पत्रावली का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि वादीगण द्वारा वाद–पत्र अन्तर्गत धारा 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 बाबत स्थाई निषेधाज्ञा के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत कर निवेदन किया कि हाल आराजी खसरा नम्बर 721/0.22 है0, 726/0.15 है0 वाकै ग्राम थानागाजी तहसील थानागाजी जिला अलवर में अवस्थित है। उक्त आराजी वादी की कब्जे काश्त की खातेदारी आराजी है जिस पर वादी काबिज होकर काश्त करता चला आ रहा है। विवादित आराजी से प्रतिवादीगण को कोई संबंध व सरोकार नहीं है। प्रतिवादीगण द्वारा वादी के कब्जे काश्त में रूकावट मजाहमत पैदा की जाती है तो वादी को नापूर्ति होने वाली क्षति साबित है। अन्त में निवेदन किया कि दावा वादी स्वीकार फरमाया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये स्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जावे कि वो वादी की कब्जे काश्त की खातेदारी आराजी में किसी भी प्रकार की रूकावट मजाहमत पैदा न करे।

2. वाद–पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। प्रतिवादीगण असालतन–वकालतन उपस्थित होकर पेश किया। जवाब दावा प्रस्तुत करने के उपरान्त भी न तो जवाब दावा प्रस्तुत किया न स्वयं उपस्थित हुये। अतः प्रतिवादीगण का जवाब बन्द कर उनके विरूद्ध एकतरफा–कार्यवाही अमल में लाई गई। वाद–पत्र साक्ष्य वादी हेतु नियत किया गया एवं वादी अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में वादी की ओर से साक्ष्य पेश नहीं करना जाहिर किया गया एवं प्रकरण में बहस करने हेतु निवेदन किया गया।

3. वाद–पत्र में विद्वान अभिभाषक उभय पक्षकारान की बहस सुनी गई। बहस के दौरान वादी अधिवक्ता ने वाद पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए उल्लेख किया कि हाल

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2023.07.21 12:10:35 IST
Reason: SelfAttested

आराजी खसरा नम्बर 721/0.22 है0, 726/0.15 है0 वाकै ग्राम थानागाजी तहसील थानागाजी पर प्रतिवादीगण को जरिये स्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जावे की वो वादी की कब्जे काश्त की खातेदारी आराजी में किसी भी प्रकार की रूकावट मजाहमत पैदा न करें। अन्त में दावा वादी डिक्री किये जाने का निवेदन किया।

4. मैंने बहस पर मनन किया एवं पत्रावली में संलग्न दस्तावेजात् का अवलोकन किया। वादी अधिवक्ता द्वारा वाद–पत्र की पुष्टि में जमाबंदी संवत् 2073–76 खसरा संख्या 721/0.22 है0, 726/0.15 है0 वाकै ग्राम थानागाजी तहसील थानागाजी के अंकित इन्द्राज से वादी की खातेदारी होना पूर्ण रूप से साबित होती है तथा वादी का यह कथन भी उक्त आराजी पर प्रतिवादीगण द्वारा जबरन कब्जा कर उसके उपयोग व उपभोग में व्यवधान किया जाता है या उस पर निर्माण किया जाता है तो वादीगण को स्पष्ट रूप से नापूर्ति होने वाली क्षति साबित है। क्योंकि प्रतिवादी का मुताबिक रिकॉर्ड उक्त आराजी से कोई संबंध व सरोकार होना साबित नहीं है।

5. प्रकरण में स्थाई निषेधाज्ञा का अनुतोष सिद्ध करने हेतु तीन महत्वपूर्ण बिन्दु हैं जो इस प्रकार हैः–
   1. ***स्वामित्व एवं कब्जाः–*** वाद पत्र पर शामिल दस्तावेज जमाबंदी संवत् 2076–79 हाल आराजी खसरा संख्या 721/0.22 है0, 726/0.15 है0 वाकै ग्राम थानागाजी तहसील थानागाजी पेश की है। मुताबिक जमाबन्दी विवादित आराजी खसरा संख्या 721/0.22 है0, 726/0.15 है0 वाकै ग्राम थानागाजी तहसील थानागाजी जिला अलवर के अंकित इन्द्राज से वादी की खातेदारी आराजी साबित होती है। अतः मुतनाजा आराजी पर वादी का स्वामित्व अविवादित है। साथ ही राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज खातेदार का ही आराजी पर कब्जा होना स्वतः साबित तथ्य है।
   2. ***सुविधा का संतुलनः–*** मुतनाजा आराजी पर वादी की खातेदारी आराजी होने तथा वादीगण का कब्जा स्पष्ट साबित होने के कारण सुविधा व न्याय का संतुलन भी परिणामस्वरूप उक्त शर्त भी वादी के पक्ष में होना स्पष्ट है।
   3. ***अपूरणीय क्षतिः–*** वादीगण ने अपने वादपत्र में उल्लेख किया है कि उक्त मुतनाजा आराजी राजस्व रिकॉर्ड में वर्तमान में वादीगण के नाम खातेदारी दर्ज रिकॉर्ड है। उक्त विवादित आराजी से प्रतिवादीगण का कोई संबंध व सरोकार नहीं है। यदि प्रतिवादीगण द्वारा वादीगण को उक्त आराजी से बेदखल किया जाता है तो वादीगण को नापूर्ति होने वाली क्षति साबित है। परिणामस्वरूप उक्त शर्त भी संतुष्ट होती है। अन्त में उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि वादीगण प्रतिवादीगण के विरूद्ध स्थाई निषेधाज्ञा प्राप्त करने के अधिकारी है। अतः

*आदेश है कि–*

**दावा वादी स्थाई निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम–1955 के तहत** ***स्वीकार किया जाकर डिक्री किया जाता है कि हाल***

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2023.07.21 12:10:35 IST
Reason: SelfAttested

*आराजी* आराजी खसरा संख्या 721/0.22 है0, 726/0.15 है0 वाकै ग्राम थानागाजी *तहसील* थानागाजी जिला अलवर की आराजी पर प्रतिवादी को जरिये स्थाई निषेधाज्ञा से इस हद तक पाबन्द किया जाता है कि प्रतिवादी वादी की उक्त खातेदारी आराजी पर कार्य काश्त में अर्थात फसल बोने—जोतने, काटने, लाने—ले जाने में रूकावट मजाहमत न करें। साथ ही प्रतिवादी वादी की उक्त खातेदारी आराजी पर किसी भी प्रकार का निर्माण न करें और ना ही कृषि भूमि को अकृषि बनावें।

इसी अनुसार पर्चा डिक्री पृथक से तैयार की जाकर पालनार्थ हेतु संबंधित को भिजवाई जावें। अहकाम पृथक से जारी किया जावे। पक्षकार अपना—अपना खर्चा वहन करेंगे।

यह निर्णय आज दिनांक 21.07.2023 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर हस्ताक्षकर एवं मुहर युक्त जारी किया जाकर सरे—इजलास सुनाया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस)
सहायक कलक्टर
थानागाजी—अलवर

सत्यमेव जयते
**न्यायालय**

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2023.07.21 12:10:35 IST
Reason: SelfAttested

# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी

## थानागाजी–अलवर

(पीठासीन अधिकारी –केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)

वाद संख्याः– 2021 / 31 दर्ज तिथिः–24.02.2021

1. जगदीश पुत्र चन्दर
2. नन्दराम पुत्र चन्दर
3. भगवानसहाय पुत्र चन्दर
4. सीताराम पुत्र चन्दर
5. कौशल्या देवी पत्नी बसन्ता
6. श्यामलाल पुत्र बसन्ता
7. गिर्राज पुत्र बसन्ता
8. राजेश पुत्र बसन्ता
9. सावित्री देवी पत्नी स्व0 कालूराम
   समस्त जातियान बागडा ब्राह्मण निवासीयान जोहडी की ढाणी ग्राम थानागाजी तहसील थानागाजी जिला अलवर राज0

.............वादीगण

*बनाम*

1. सूरज पुत्र रामेश्वर
2. बिरदी देवी पत्नी कैलाश
3. प्रभाती देवी पत्नी कन्हैयालाल
4. कैलाश पुत्र कन्हैयालाल
5. हनुमान पुत्र कन्हैयालाल
6. राजेश पुत्र कन्हैयालाल
7. मुरारी पुत्र कन्हैयालाल
8. मुकेश पुत्र कन्हैयालाल
9. धापा देवी पत्नी कन्हैयालाल
10. कमलेश पुत्र लल्लूराम
11. पिन्टू पुत्र लल्लूराम
12. रोहिताश पुत्र चिरंजीलाल
13. सुरेश पुत्र चिरंजीलाल
14. पांचू पुत्र चिरंजीलाल
15. रामावतार पुत्र चिरंजीलाल
    समस्त जातियान बागडा ब्राह्मण निवासीयान जोहडी की ढाणी ग्राम थानागाजी तहसील थानागाजी जिला अलवर राज0

...........असल प्रतिवादीगण

16. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार थानागाजी जिला अलवर राज0

...........तकमीली प्रतिवादी

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2023.07.21 12:10:35 IST
Reason: SelfAttested

उपस्थित अधिवक्तागणः–
वादी :– श्री महेश शर्मा।
प्रतिवादी :– श्री कौशल।

राजस्व वाद अन्तर्गत धारा–188
राजस्थान काश्तकारी अधि–1955

**:–पर्चा डिक्रीः–**

दावा वादी स्थाई निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम–1955 के तहत *स्वीकार किया जाकर डिक्री किया जाता है कि हाल आराजी* आराजी खसरा संख्या 721/0.22 है0, 726/0.15 है0 वाके ग्राम थानागाजी *तहसील* थानागाजी जिला अलवर की आराजी पर प्रतिवादी को जरिये स्थाई निषेधाज्ञा से इस हद तक पाबन्द किया जाता है कि प्रतिवादी वादी की उक्त खातेदारी आराजी पर कार्य काश्त में अर्थात फसल बोने–जोतने, काटने, लाने–ले जाने में रूकावट मजाहमत न करें। साथ ही प्रतिवादी वादी की उक्त खातेदारी आराजी पर किसी भी प्रकार का निर्माण न करें और ना ही कृषि भूमि को अकृषि बनावें।

आदेश प्रति संबंधित को पालनार्थ हेतु भिजवाई जावें। अहकाम पृथक से जारी किया जावे। पक्षकार अपना–अपना खर्चा वहन करेंगे।

यह आदेश मेरे द्वारा आज दिनांक 20.07.2023 को खुले न्यायालय में लिखवाया जाकर हस्ताक्षर व मोहर युक्त जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस)
सहायक कलक्टर
थानागाजी–अलवर

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2023.07.21 12:10:35 IST
Reason: SelfAttested